हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, कोनिफर कैंम्पस, पंथाघाटी, शिमला, हि.प्र.

सतर्कता जागरूकता सप्ताह (दिनांक 27 अक्तूबर से 02 नवम्बर,2020)

"सतर्क भारत,समृद्व भारत"

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून एवं केन्द्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के दिशा– निर्देशों की अनुपालना में हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में दिनांक 27 अक्तूबर से 02 नवम्बर, 2020 तक **"सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2020"** मनाया गया। केन्द्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली द्वारा इस वर्ष की थीम **"सतर्क भारत,समृद्ध भारत"** घोषित की है।

सप्ताह की शुरूआत में सतर्कता जागरूकता के लिए दिनांक 27.10.2020 को डॉ. शेर सिंह सामन्त, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को **भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु शपथ ग्रहण** करायी गई। सप्ताह के दौरान संस्थान में प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताऐं जैसे– नारा लेखन,पोस्टर बनाना, निबंध लेखन, वादविवाद, कविता पाठ, इत्यादि का आयोजन किया गया, जिसका विवरण इस प्रकार है :

- दिनांक 27/10/2020 प्रातः 11.00 बजे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा **सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली गई** एवं अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा भी की गई। सभा के दौरान संस्थान के निदेशक, हि0व0अ0सं0, शिमला की अध्यक्षता में अधिकारियों तथा कर्मचारियों नेभ्रष्टाचार मिटाने हेतु अपने–अपने बहूमूल्य विचार रखे ।
- दिनांक 28/10/2020 संस्थान के तकनीकी अधिकारी श्री ज्वाला प्रसाद द्वारा ब्युलिया पंचायत के लोगों के बीच जाकर **भ्रष्टाचार उन्मूलन पर अपने विचार सांझा कि**ए तथा उन्हें जागरूक किया ।
- दिनांक 29/10/2020 को **नारा लेखन** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के कर्मचारियों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। कु0 नेहा शर्मा एवं श्री आशीष ठाकुर, परियोजना सहायकों ने क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया । उक्त दिनांक को ही **पोस्टर प्रतियोगिता** का भी आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के कर्मचारियों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया तथा इसमें कु0 भूमिका कंवर, एसपीएफ प्रथम एवं कु0 सपना ठाकुर, वनरक्षक द्वितीय रहे।
- दिनांक 02.11.2020 को **निबंध लेखन प्रतियोगिता** में संस्थान के कर्मचारियों एवं शोधार्थियों ने "सतर्क भारत, समृद्ध भारत" विषय पर हिंदी व अंग्रेजी में निबंध लिखकर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फैंकने हेतु अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में सुश्री नेहा शर्मा, एसआरएफ एवं श्री नरेन्द्र कुमार, एमटीएस ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल किया । इसके उपरांत **वाद–विवाद प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के कर्मचारियों एवं शोधार्थियों द्वारा भ्रष्टाचार से संबंधित विषयों पर पक्ष–प्रतिपक्ष पर अपने अपने विचार प्रस्तुत कर श्रोताओं को जागरूक किया । उक्त दिवस को ही संबसे अंत में **कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन** किया गया जिसमें वक्ताओं तथा अन्य अधिकारियों ने मंच पर समा बांधा। इस प्रतियोगिता में क्रमशः कु0 नेहा शर्मा, परियोजना सहायक प्रथम एवं श्रीमती शिवानी शर्मा, जेपीएफ द्वितीय स्थान पर रहे।
- **गतिविधियों की समीक्षा एवं पारितोषिक वितरण** –प्रतियोगिताओं के उपरांत सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंत में सभी गतिविधियों पर गहन चर्चा हुई व विस्तार से समीक्षा की गई । डॉ0 शेर सिह सामन्त, निदेशक नें **सतर्क भारत, समृद्ध भारतख** विषय पर सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों को संबोधित किया तथा अधिकारियों, शोधार्थियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों को पूर्ण ईमानदारी से करने और भय अथवा पक्षपात के बिना कार्य करने के दृढ़निश्चय को सराहा । निदेशक द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों द्वारा सप्ताह के आयोजन हेतु किये गये प्रयासों की सराहना की तथा भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को डॉ0 शेर सिंह सामन्त निदेशक, हि0व0अ0सं0, शिमला द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए ।अंत में संस्थान के सतर्कता अधिकारी, डॉ राजेश शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया ।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020– समारोह की झलकियाँ

HFRI

HFRI

HFRI

ता जागरूकता सप्ताह
27 अक्तूबर से 2 नवम्बर, 2020)
"सतर्क भारत, समृद्ध भारत"
लयन वन अनुसंधान संस्था

जागरूकता सप्ताह
अक्तूबर से 2 नवम्बर, 2020)
र्क भारत, समृद्ध भारत"
न वन अनुसंधान संस्थान

ागरूकता सप्ताह
से 2 नवम्बर, 2020)
रत, समृद्ध भारत"
न अनुसंधान संस्थान

ागरूकता सप्ताह
र से 2 नवम्बर, 2020)
ारत, समृद्ध भारत"
वन अनुसंधान संस्थान

वम्बर, 2020)
मृद्ध भारत”
नुसंधान संस्थान

सप्ताह
नवम्बर, 2020)
समृद्ध भारत”
नुसंधान संस्थान

मृद्ध भारत”
नुसंधान संस्थान

संस्थान